# अभियान

अंक 14

वर्ष – 2020



## समाज सेवा में समर्पित

सम्पादक

श्रीमती मीना पाण्डेय

(सम्पादक मंडलः श्री ऐ.के. मिश्रा, डा. एस.पी. दूबे)

आदर्श समाज सहयोग समिति (रजि०)

909, सैक्टर–9, फरीदाबाद–121006

दूरभाष : 9899628777, 09910843483, 9873342449

Website : www.adarshsamaj.org

E-mail : info@adarshsamaj.org

# ADARSH SAMAJ SAHAYOG SAMITI

## Patron & Executive Committee Members



**Sh. S.N. Sharma**
Patron



**Sh. K.B. Dubey**
Patron



**Sh. S.N. Pandey**
Patron



**Sh. R.P. Pandey**
Patron



**Mrs. Meena Pandey**
President



**Sh. B.K. Pandey**
Vice President



**Dr. Umesh Srivastava**
Vice President



**Dr. S.P. Singh**
General Secretary



**Dr. M.K. Dubey**
Jt. General Secretary



**Smt. Meena Pandey**
Treasurer



**Sh. Rajinder Arora**
Jt. Treasurer



**Sh. Gaurav Mehta**
Secretary



**Sh. Akhilesh Tripathi**
Secretary



**Sh. Kunal Malik**
Secretary



**Dr. Sova Bhattacharya**
Legal Advisor



**Dr. S.P. Dubey**
Founder & Co-ordinator

*With best compliments from :*



SSEV










**B.K. PANDEY**
**# 9910848483**

# S. S. Engineering Works

Specialists in : TURNING COMPONENTS
All Kinds of Machining, Sheet Metal Fabrication
Plastic Moulding Job & General Order Suppliers

Plot No. 10, Dabua Extn. Pali Road, N.I.T. Faridabad-121001 (HR.)
Ph.: 0129-2435265, 2481907, E-mail : pandeybk1962@gmail.com

# ADARSH SAMAJ SAHAYOG SAMITI (Regd.)

## ADVISORY COMMITTEE

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Dr. S.P. Srivastav | Former Executive Director,<br>Indian Oil, R&D Centre, Faridabad |
| 2. | Sh. S.N. Pandey | Metallurgical Engineer,<br>Govt. Petroleum Industry, Abudhabi |
| 3. | Sh. S. N. Sharma | Proprietor,<br>Priyanaka Impex Pvt. Ltd., New Delhi |
| 4. | Sh. D.N. Pandey | Proprietor,<br>Laxmi Electrical, NIT, Faridabad |
| 5. | Sh. R. P. Pandey | Managing Director,<br>S.B. Syscon Pvt. Ltd. |
| 6. | Sh. B. S. Rawat | Former GM,<br>Indian Oil, R&D Centre, Faridabad |
| 7. | Dr. G.K. Sharma | Former Director<br>NATRIP, New Delhi |
| 8. | Dr. B. Basu | Former Executive Director,<br>Indian Oil, R&D Centre, Faridabad |
| 9. | Dr. D.K. Tuli | Former Executive Director,<br>Indian Oil, R&D Centre, Faridabad |
| 10. | Dr. A.A. Gupta | Former Executive Director,<br>Indian Oil, R&D Centre, Faridabad |
| 11. | Sh. Yogendra Deshwal | Proprietor,<br>Scientific Knits Pvt. Ltd. |
| 12. | Dr. S.P. Dubey | Founder & Co-ordinator<br>Adarsh Samaj Sahyog Samiti (Regd.), Faridabad |

# समिति गीत

मानव मूल्यों की परिभाषा,
जन सेवा की ले अभिलाषा
करे जागृति हरे कुरीति,
जय आदर्श समाज सहयोग समिति।

दुर्बल आश्रितों का उत्थान,
निःशुल्क चिकित्सा शिक्षा ज्ञान
राष्ट्र सेवा हेतु रक्तदान,
इस समिति के लक्ष्य महान्
सतत् प्रकाशित कर अभियान, नैतिकता की लेकर ज्योति
..... जय आदर्श समाज .....

समाज समस्या हो या प्रकृति प्रकोप,
तन-मन से दे सहयोग
रहें अग्रणी धन्य वे लोग,
इस समिति को जो देते योग
वृक्षा रोपण करके पर्यावरण सन्तुलन भी संजोती
..... जय आदर्श समाज .....

हों सब सन्मार्गी सहयोगी,
दानी, धैर्यवान, बुद्धि विवेकी
स्वस्थ, स्वच्छ व सदा निरोगी
सब पर हो ईश्वर की नेकी
सूर की इस नगरी में फूले फले सुकृत्यी समिति
..... जय आदर्श समाज .....

# राष्ट्रीय गीत

वन्दे मातरम्, वन्दे मातरम्
सुजलां सुफलां मलयज शीतलाम्
शस्य-श्यामला, मातरम् वन्दे मातरम्।
शुभ्र ज्योत्सना पुलकित यामिनीम्
फुल्ल कुसमित द्रुमदल शोभिनीम्
सुहासिनीम् सुमधुर भाषिणीम्
सुखदाम् वरदाम् मातरम्।
वन्दे मातरम् वन्दे मातरम्



# राष्ट्रगान



जन गण मन अधिनायक जय हे
भारत भाग्य विधाता।
पंजाब सिंध, गुजरात, मराठा
द्राविड़ उत्कल बंग,
विंध्य हिमाचल यमुना, गंगा,
उच्छल जलधि तरंग,
तव शुभ नामे जागे
तव शुभ आशिष मांगे,
गाहे तव जय गाथा।
जन गण मंगलदायक जय हे
भारत भाग्य विधाता
जय हे ! जय हे ! जय हे !
जय, जय, जय, जय हे !!!



# प्रार्थना

दया कर दान भक्ति का, हमें परमात्मा देना।
दया करना हमारी आत्मा को शुद्धता देना।।1।।
सदा से आप दीनों का, प्रभु उद्धार करते हैं।
हमारी दीन हालत को, पतित पावन मिटा देना।।2।।
बहा दो प्रेम की गंगा, दिलों में प्रेम का सागर।
हमें आपस में मिलजुल कर, प्रभु रहना सिखा देना।।3।।
हमारे ध्यान में आओ, प्रभु आंखों में बस जाओ।
अंधेरे दिल में आकर के, परम ज्योति जला देना।।4।।
वतन के वास्ते जीना, वतन के वास्ते मरना।
वतन पर जाँ फिदा करना, प्रभु हमको सिखा देना।।5।।
हमारा कर्म हो सेवा, हमारा धर्म हो सेवा।
सदा इमान हो सेवा, हमें सेवक बना देना।।6।।



# सम्पादकीय

मनुष्य जीवन, हमें इसलिए मिलता है ताकि हम दूसरों की सहायता कर सकें। हमारा जन्म सार्थक तभी कहलाता है जब हम अपने बुद्धि, बल, विवेक, कमाई या बल की सहायता से दूसरों की मदद कर सकें। यह आवश्यक नहीं कि जिसके पास पैसे हो या जो अमीर हो, केवल वही परोपकार या मदद कर सकता हैं। एक साधारण व्यक्ति भी मानव सेवा में अपना योगदान दे सकता है। यह मानव सेवा ही है, जो हम इन्सानों को पशुवत जीवन से अलग करती है। अपना जीवन तो सभी जीते है पर जो अपने से आगे जाकर दूसरों के हित में विचार करता है वह श्रेष्ठ मानव परमार्थ की दिशा में पहला कदम रखता है।

आदर्श समाज सहयोग समिति फरीदाबाद, समाज सेवा के लिए समर्पित एक ऐसी संस्था है, जो विभिन्न प्रकार की सेवाओं के माध्यम से सेवा करने वाले, साथ देने वाले और सेवा प्राप्त करने वाले सबको लाभान्वित करता है।

आज पूरा विश्व करोना महामारी की अभूतपूर्व कठिन समस्या के दौर से गुजर रहा है। यह मानवता के इतिहास में सम्भवतः सबसे कठिन चुनौतियों में से एक है। पिछले वर्ष इसकी शुरूआत से यह अब तक विश्व के हर महाद्वीप में फैल चुका है। इसके कारण पूरे विश्व में जान–माल, व्यापार की, अब तक की, सबसे ज्यादा क्षति हुई है।

करोना सिर्फ एक महामारी ही नही है, अपितु यह एक बहुत बड़ी सामाजिक, आर्थिक चुनौती के रूप में हमारे समक्ष खड़ा है। इसके बहुत दूरगामी परिणाम होंगे, जिससे विश्व समाज के सभी लोग प्रभावित होंगे।

इस कठिन आपदा की परिस्थितियों में, समाज की इस पत्रिका के माध्यम से आप सबको यह बताते हुए मुझे बहुत सन्तोष हो रहा है कि इस कठिन समय में आदर्श समाज ने अपनी क्षमताओं से ऊपर उठकर अपनी सामाजिक और नैतिक दायित्वों का वहन किया है।

आदर्श समाज ने फरीदाबाद की औद्योगिक नगरी में मजदूर भाईयों को खाना पहुँचाने, राशन देने, रोजमर्रा की जरूरतें को पूरा करने में तथा सरकार के साथ मिलकर महामारी के प्रति जागरूकता फैलाने तथा रोकथाम के प्रयासों में मदद करने का कार्य किया है।

मेरी आप सबसे यही प्रार्थना और अनुरोध है कि आपदा की इस मुश्किल घड़ी में अपना, अपने परिवार का और अपने समाज में सभी का ध्यान रखे, धैर्य और सूझबूझ के साथ इसका सामना करें और सरकार के निर्देशों का पालन करें।

**श्रीमती मीना पाण्डेय**

# समिति की वर्ष -2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 की उपलब्धियाँ

## वर्ष 2017-18 की उपलब्धियाँ

### 1. दाह संस्कार के लिए आर्थिक सहायता

एक गरीब विधवा औरत श्रीमती राज कुमारी देवी, के 10–3180, नेहरू कालोनी, एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद की रहने वाली के पुत्र श्री जयदीन यादव, जो 18 वर्ष का था, का आकस्मिक निधन 27–06–2017 को हुआ, उसके दाह संस्कार हेतु उसे रुपये 4,500 की आर्थिक मदद की गई। श्रीमती राज कुमारी देवी अत्यन्त गरीब औरत है और उसके पुत्र के निधन पर दाह संस्कार तक के लिए पैसा नहीं था। उसने हमारी समिति को प्रार्थना पत्र दिया, जिसे प्राप्त कर समिति ने तुरन्त उपरोक्त पैसा दाह संस्कार के लिए भेजा, जिससे उसका विधिवत दाह संस्कार हुआ।

### 2. समिति की आम सभा

दिनांक 16 जुलाई, 2017 को घर नं. 909, सैक्टर–9, फरीदाबाद में समिति के आम सदस्यों की मीटिंग हुई, जिसमें वर्ष 2016–17 का बैलेंस सीट, जो सी.ए. के द्वारा तैयार किया गया था, पर विचार विर्मश किया गया और इसे आम सहमति से पास किया गया। इसके अलावा, समिति द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रम, समिति के लिए फण्ड की व्यवस्था कैसे की जाए, समिति की वर्तमान वित्तीय स्थिति सम्बन्धित मुद्दों पर भी विचार विमर्श हुआ।

### 3. आदर्श कौशल विकास केन्द्र की स्थापना

दिनांक 9 जुलाई, 2017 को आदर्श कौशल विकास केन्द्र की स्थापना घर नं. 69, गल्ली नं. 9, हनुमान नगर, खेड़ी रोड़, फरीदाबाद, में की गई। इसका उद्घाटन डा० प्रदीप वशिष्ट ने किया। इस केन्द्र में सिलाई, व्यूटी पार्लर एवं मेहंदी आर्ट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए पांच सिलाई मशीन, व्यूटी पार्लर एवं मेहंदी के प्रशिक्षण सामग्री समिति द्वारा प्रदान की गई। श्रीमती राकेश देवी को केन्द्र की संचालिका बनाया गया।

### 4. छात्रवृत्ति वितरण समारोह

दिनांक 17 सितम्बर, 2017 को, गरीब एवं मेद्यावी 25 छात्र–छात्राओं को जो फरीदाबाद के विभिन्न दस सरकारी विद्यालयों (वहुतायत) से चुने गये थे, को वर्ष 2017–18 के लिए, होटल मेगपाई, फरीदाबाद में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रवृत्ति वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डा० एस.एस.वी. रामाकुमार, निर्देशक, इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, फरीदाबाद के थे।

### 5. अभियान पत्रिका का विमोचन

दिनांक 17 सितम्बर, 2017 को होटल मेगपाई, फरीदाबाद में छात्रवृत्ति वितरण समारोह में ही जिसके

मुख्य अतिथि डा० एस.एस.वी. रामाकुमार, निर्देशक, इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, फरीदाबाद थे, समिति की ''अभियान'' पत्रिका, अंक–13, का विमोचन, मुख्य अतिथि एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के कर–कमलों द्वारा किया गया। विमोचन के बाद इसे सभागार में उपस्थित लोगों को वितरित किया गया।

## 6. छठ महोत्सव के लिए योगदान

दिनांक, 11 नवम्बर, 2017 को बी.के. पाण्डेय जी, अध्यक्ष द्वारा नेहरू कॉलोनी, झुग्गी एरिया के लोगों के लिए छठ महोत्सव पार्क एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद में छठ महोत्सव का कार्यक्रम किया गया, जिसमें हमारी समिति ने 16000/– रुपये का योगदान दिया

## 7 वेबसाइट का प्रमोशन करवाना

दिनांक 21, दिसम्बर, 2017 को समिति के वेबसाईट **www.adarshsamaj.org** का स्मार्ट टेकनोजी प्रा० लि० को 5,900 रुपये देकर वेबसाइट का प्रमोशन करवाया।

## 8. कम्बल वितरण

दिनांक 24 दिसम्बर, 2017 को समिति द्वारा, दिव्यांगों, विधवाओं एवं गरीब बृद्वा के लिए सैक्टर–24, फरीदाबाद स्थित आजाद नगर, झुग्गी एरिया के 300 लोगों को कम्बल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि, प० मूलचन्द शर्मा, विधायक, बल्लभगढ़ एवं डा० एस०पी० श्रीवास्तव पूर्व कार्यकारी निर्देशक, इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, अनुसंधान एवं विकास फरीदाबाद, अन्य अतिथियों द्वारा कम्बल वितरण समारोह सम्पन्न हुआ।

## 9. दो गरीब लडकियों की शादी हेतु सहयोग राशि

दो गरीब लड़की कुमारी बबली और कुमारी बबीता, पिता श्री जगदीश सैन नई रोड़, पंजाब मौहल्ला, खारा कुआँ, डीग, भरतपुर रोड़, राजस्थान के रहने वाले को शादी हेतु 80,700/– रुपये, दो सिलाई मशीन, दुल्हा–दुल्हन के कपड़े की मदद की गई। उपरोक्त मदद दिनांक 28 जनवरी 2018 को दोनों लड़कियों को, मुख्य अतिथि श्रीमान पं० चन्दरूप शर्मा, समिति के अध्यक्ष श्री बी.के. पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष श्रीमति मीना पाण्डेय द्वारा दी गई। हरिप्रिया वैलफेयर ट्रस्ट की तरफ से दो सिलाई मशीन डा० जी.के. शर्मा एवं श्रीमति विनीत शर्मा द्वारा दी गई

## 10. बेवसाइट की होस्टिंग

समिति के बेवसाइट की होस्टिंग 8850/– रुपये की लागत से स्मार्ट टेक प्रा० लि० फरीदाबाद द्वारा तीन वर्ष के लिए 19 मार्च, 2018 को करवाई गई।

## 11. कानूनी मदद

कुछ महिलाओं के लिए जो घरेलू झगड़ों एवं तिलक प्रथा के प्रताड़ना से परेशान थी, समिति की ओर से मुफ़्त कानूनी सलाह एवं काउन्सलिंग की भी व्यवस्था की गई।

# समिति की वर्ष -2018-19 की उपलब्धियाँ

## 12. आदर्श कौशल विकास केन्द्र का उद्घाटन समारोह

आदर्श कौशल विकास केन्द्र की स्थापना 09 जुलाई 2017 को थोड़ी सुविधाओं को देकर की गई थी। बाद में इस केन्द्र में, 'इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, फरीदाबाद,के द्वारा 5 नये कम्प्यूटर खरीद कर अनुदान के रूप में दिया गया। अब इस केन्द्र में सिलाई, ब्यूटी पार्लर और मेहंदी आर्ट के अतिरिक्त कम्प्यूटर चलाने का प्रशिक्षण भी गरीब औरतों, बच्चियों एवं बच्चों को दिया जायेगा। कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा की व्यवस्था की जाने के बाद इस केन्द्र का उद्घाटन, 22 अप्रैल, 2018 को इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास केन्द्र निर्देशक, डा० एस.एस.बी. रामाकुमार द्वारा किया गया है।

## 13. गरीब रोगी को आर्थिक सहायता

श्रीमती शांति कौर, एक विधवा एवं गरीब औरत जो कि रीढ़ की हड्डी खिसक जाने के कारण, चल–फिर नहीं सकती, विछावन पर ही पड़े रहने के मजबूर हो गई, जिनके इलाज के लिए डाक्टर ने 5 हजार रुपये की सुई प्रत्येक सप्ताह लेने की सलाह दी गई। श्रीमती शांति कौर का लड़का जो सैक्टर–9, फरीदाबाद के गुरुद्वारा में सेवादार के रूप में कार्य कर रहा था, अपनी माँ के इलाज के लिए समिति को आवेदन पत्र देकर मदद माँगी थी। समिति की ओर से 8000/– रुपये की मदद प्रदान की गई।

## 14. आदर्श कौशल विकास केन्द्र में सिंगर इंडिया प्रा० लि० की भागीदारी

आदर्श कौशल विकास केन्द्र बहुत सिमिति साधन के साथ घर नं० 69, गल्ली नं० 9, हनुमाननगर, खेड़ी रोड़, फरीदाबाद में 09 जुलाई, 2017 को सिलाई, ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी आर्ट में प्रशिक्षण के लिए स्थापित किया गया था। बाद में फिर इंडियन ऑयल कारपोरेशन द्वारा 5 कम्प्यूटर की सुविधा प्रदान की गई थी, उसे और सशक्त बनाने के लिए, सिंगर इण्डिया प्रा० लि० द्वारा अपनी भागीदारी देने के लिए आगे आने पर उन से समिति ने 26 सिलाई मशीन जिसमें, हाथ से चलाने वाली, पैर से चलाने वाली, पावर आपरेटेड़ डिजाइन सम्बन्धित एवं इण्डस्ट्रियल प्रोडक्शन सम्बन्धित सिलाई मशीन कनसेशनल रेट पर खरीदी। इन मशिनों को खरीदने के बाद आदर्श कौशल विकास केन्द्र को हनुमान नगर से कर्नल विहार, फेज–2 के शॉप नं० 1 और 2 में शिफ्ट किया गया। यह स्थान मेन रोड़ पर है और जगह पहले वाली जगह से अधिक है और सुन्दर है। यहाँ केन्द्र को शिफ्ट करने के बाद इसका उद्घाटन दिनांक 09 सितम्बर, 2018 को हरियाणा प्रदेश के स्टेट विजिलेंस विभाग के पूर्व डी.जी.पी. श्री शील मधुर, आई.पी.एस. के कर कमलों से किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को सिंगर इंडिया स्वयं प्रशिक्षण में मदद करना, परीक्षा लेना एवं उतीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान करने की जिम्मेदारी निभाती है।

## 15. छात्रवृत्ति वितरण एवं आदर्श अध्यापक को पारितोषिक

दिनांक 23 सितम्बर, 2018 को होटल मेगपाइ, सैक्टर–16ए, मथुरा रोड़, फरीदाबाद में समिति द्वारा

आयोजित कार्यक्रम में फरीदाबाद के 11 विद्यालयों (ज्यादातर सरकारी विद्यालय) के 23 मेद्यावी एवं गरीब छात्र–छात्राओं को वर्ष 2018–19 के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसी समारोह में इस वर्ष फरीदाबाद के कई विद्यालयों के शिक्षकों में से तीन सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को साक्षात्कार द्वारा चुने जाने पर पारितोषिक प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि टेक्नोफैब इन्डस्ट्री के चेयरमैन श्री श्याम सुन्दर शर्मा थे एवं समारोह की अध्यक्षता श्री प्रदीप राणा, समाज सेवी ने की।

## 16. एक गरीब MBBS में पढ़ रहे छात्र को आर्थिक मदद

श्री मृत्युजंय शाह जो कि बी.एस.एस. साहा मडिकल कालेज, बुरला उडिसा (Govt. Medical College) में MBBS चतुर्थ वर्ष का विद्यार्थी है, जिसने समिति से सम्पर्क स्थापित कर आर्थिक मदद के लिए प्रार्थना पत्र कालेज प्राचार्य से सत्यापित कर भिजवाया था, पर विचार–विमर्श कर समिति ने उसे 15000/– रुपये की सहायता की मंजूरी दी थी। जिसे 12–11–2018 को उपरोक्त कालेज के प्राचार्य के नाम से वार्षिक फीस के लिए भेजा गया। हरिप्रिया वेलफेअर ट्रस्ट, घर नं० 182, सैक्टर–8, फरीदाबाद के चेअरमैन डा० जी०के० शर्मा जी ने भी उपरोक्त लड़के की मदद के लिए 11000/– रुपये भेजा। श्री मुत्युजंय शाह को उपरोक्त कालेज में वार्षिक फीस कुल 26000/– देनी थी, जिसे भेजा गया।

## 17. कम्बल वितरण

दिनांक 6–12–2018 को समिति द्वारा 200 कम्बल नेहरू कालोनी, एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद में स्थित झुग्गी एरिया के दो सौ विकलांगों, विधवाओं एवं गरीब वृद्वों को बांटे गये। इस समारोह के मुख्य अतिथि फरीदाबाद म्युनिसिपल कारपोरेशन की मेयर श्रीमति सुमन बाला थी एवं अध्यक्षता श्री एस०सी० गुप्ता चेयरमैन एच.जी.आई. आटोमोबाइल प्रा०लि०, बल्लभगढ़ ने की। इस अवसर पर 'इंडिया ऑयल कारपोरेशन के पुर्व निर्देशक डा० ए०के० भटनागर, पुर्व कार्यकारी निर्देशक – डा० एस०पी० श्रीवास्तव, उस क्षेत्र के पार्षद इत्यादि अन्य अतिथि भी उपस्थित थे।

## 18. एक गरीब व्यक्ति को आर्टिफिसीयल लिम्ब के लिए आर्थिक मदद

श्री गणेश कुमार पुत्र श्री वासुदेव, एस.जी.एम. नगर, फरीदाबाद का दो वर्ष पहले एक दुर्घटना में बाँये पैर का पंजा बुरी तरह कट गया था, जिसे बाद में डाक्टर ने सर्जरी करके पूरे पंजे को निकाल दिया था। उसने रेडक्रास सोसाइटी, फरीदाबाद से आर्टिफिसियल लिम्ब के लिए मदद मांगी, मगर रेडक्रास सोसाईटी ने आर्टिफिसियल लिम्ब का डिजाइन पुनः इसके पैर के लिए उपयुक्त नहीं बैठ रहा था, इसलिए इसने स्पेशल डिजाइन का आर्टिफिसियल लिम्ब बनवाने के लिए कोशिश किया जिसके लिए उसे 10,000/– रुपये की जरूत थी। 4000/– रुपया किसी और संस्था से उसे मदद मिली थी और उसे 6000/– रुपये की और आवश्यकता थी, जिसके लिए उसने हमारी समिति को आवेदन पत्र देकर मदद के लिए प्रार्थना की थी। अपनी समिति ने उसे 6000/– रुपये की मदद दिनांक 30–12–2018 को दी।

## 19. दुसरा कम्बल वितरण समारोह

दिनांक 01.01.2019 को समिति द्वारा करीब 300 कम्बल एवं रजाईयाँ ग्राम ददशिया एवं आस–पास के अन्य गाँवों से आये हुए विकलांगों, गरीब विधवाओं एवं गरीब वृद्धों को बाँटी गई। उपरोक्त समारोह ग्राम ददशिया में श्री श्याम सुन्दर शर्मा, चेयरमैन टैक्नो फैब इन्डस्ट्री, फरीदाबाद की देख–रेख में आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री जगदीश सुपानिया, राष्ट्रीय महासचिव, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन, प्रदेश उपाध्यक्ष, सर्व ब्राह्मण सभा थे एवं अध्यक्ष तेज प्रकाश भारद्वाज, अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा थे।

# समिति की वर्ष -2019-20 की उपलब्धियाँ

## 20. आदर्श कौशल विकास केन्द्र में प्रमाण पत्र वितरण

दिनांक : 3 अप्रैल 2019 को कर्नल विहार, फेज–2, शॉप नंबर 182, खेड़ी रोड़, फरीदाबाद स्थित आदर्श कौशल विकास केन्द्र में सिलाई में एवं ब्यूटी पार्लर तथा मेहंदी आर्ट में छः महिनों के डिप्लोमा कोर्स में उत्तीर्ण महिलाओं एवं बच्चियों को प्रमाण पत्र (23 सिलाई के प्रशिक्षणार्थियों को एवं 15 ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी आर्ट के प्रशिक्षार्थियों को) वितरण किये गये। समारोह के मुख्य अतिथि श्री जी०एस० मिश्रा, प्रमुख सम्पर्क विभाग, आर०एस०एस० हरियाणा राज्य, समारोह के अध्यक्ष श्री भीम शर्मा, डायरेक्टर, राज नर्सिंग होम, सैक्टर–23, फरीदाबाद श्रीमती अल्पना शरना, जेनेरल मैनेजर सिंगर इंडिया प्रा०लि०, दिल्ली अन्य अतिथियों द्वारा प्रमाण–पत्र वितरण सम्पन्न हुआ।

## 21. गरीब, असहाय मरीज को इलाज के लिए आर्थिक मदद

दिनांक : 4 अप्रैल 2019 को श्री सूरज कुमार, पिता श्री राम जतन, उम्र 19 वर्ष, नेहरू कालोनी, झुग्गी एरिया, एन.एच.–3, फरीदाबाद के रहने वाले, को जो बहुत सीरियस हो गया था, पेट रोग के इलाज के लिए 25000/– रुपये की आर्थिक मदद दी गई। पेट का ऑपरेशन हुआ। इलाज के बाद उसकी जान बच गयी, वह ठीक हो गया।

## 22. गरीब असहाय लड़की की शादी के लिए आर्थिक मदद

कुमारी कविता पुत्री श्रीमती माया देवी, विधवा, दौलताबाद, ओल्ड फरीदाबाद को उसकी शादी के लिए 21000/– रुपये एवं 2800/– रुपये की सिलाई मशीन, दिनांक 04 मई 2019 को दी गई। सिलाई मशीन डा० जी०के० शर्मा, चेयरमैन, हरिप्रिया वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से प्रदान की गई। लड़की के पिता गुजर गये थे एवं माता घरों में झाड़ू–पोछा कर गुजारा कर रही थी। शादी के लिए पैसो का अत्यंत अभाव था, अतः समिति ने उसे आर्थिक मदद देने का निर्णय लिया।

## 23. असहाय विधवा औरत के टी.वी. के इलाज के लिए आर्थिक मदद

श्रीमती ओ3म् वती, एक गरीब विधवा, राहुल कालोनी, एन.आई.टी. फरीदाबाद की रहने वाली को टी. बी. की बीमारी हो गई थी। उसे बी.के. अस्पताल, फरीदाबाद से टी.बी. की कुछ दवाईयाँ मिली थी तथा कुछ दवाईयाँ जो इलाज के लिए लेना आवश्यक था, उसे दुकान से खरीदना था। पैसे के अभाव में वह दुकान से दवा खरीदने में असमर्थ थी। ऐसी स्थिति को देखते हुए समिति ने उसे 5000/– रुपये की आर्थिक मदद देने का निर्णय लिया जिसे दिनांक 30 जून, 2019 को उसे दिया गया।

## 24. गरीब, असहाय लड़की के शादी के लिए आर्थिक मदद

कुमारी मीनाक्षी पुत्री श्रीमती नाहनी, विधवा, झुग्गी, बाई पास रोड़, सेक्टर–9, फरीदाबाद की रहने वाली को उसकी शादी के लिए दिनांक 06 जुलाई 2019 को समिति की ओर से उसे 9000/– रुपये की मदद की गई।

## 25. जनरल बॉडी मीटिंग

दिनांक 04 अगस्त, 2019 को घर नं. 909, सेक्टर–9, फरीदाबाद में समिति के आम सदस्यों की आम सभा की गई, जिसमें वर्ष–2018–19 के लिए चाटर्ड एकाउण्टेंड द्वारा तैयार किये बैलेंस सीट पर विचार–विमर्श कर आम सहमति से उसे अनुमोदित किया गया। इस सभा में समिति के द्वारा चलाये जो रहे वर्तमान कार्यक्रम, समिति की आर्थिक स्थिति, आर्थिक स्थिति को और मजबूत कैसे किया जाए इत्यादि मुद्दों पर भी विचार–विमर्श हुआ।

## 26. मैनडेट्री वाषिक रिटर्न फाइल करना

दिनांक 29 अगस्त, 2019 को वर्ष 2019–19 के लिए मैनडेट्री वार्षिक रिटर्न, हरियाणा सरकार को, ऑन लाइन फाइल किया गया।

## 27. छात्रवृत्ति वितरण

दिनांक : 29 सितम्बर, 2019, को सेक्टर–16ए, फरीदाबाद स्थित होटल मेगपाई में वर्ष 2018–19 के लिए, फरीदाबाद के विभिन्न आठ विद्यालयों (अधिकतर सरकारी विद्यालय) के 25 गरीब एवं मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। मुख्य अतिथि डा. जी.के. शर्मा, पूर्व डायरेक्टर, नैट्रीय, भारत सरकार एवं समारोह के अध्यक्ष डा. ए.के. गुप्ता, पूर्व कार्यकारी निर्देशक, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि., फरीदाबाद एवं अतिथियों ने छात्रवृत्ति प्रदान की।

## 28. गरीब, असहाय लड़की की शादी हेतु आर्थिक मदद

दिनांक : 12 नवम्बर, 2019 को एक गरीब, असहाय लड़की पिता श्री रूपराम, घर नं. 388, सेक्टर–10, फरीदाबाद के रहने वाली को, शादी के लिए 25000/– रुपये की आर्थिक मदद दी गई। लड़की के पिता एक दुर्घटना में हाथ डैमेज हो जाने के कारण कोई काम नहीं कर पाती है तथा माँ घरों में झाड़ु–पोछा के काम करती है। परिवार में आमदनी बहुत कम होने के कारण किसी प्रकार से घर का खर्च पूरा हो पाता है। इस स्थिति को देखते हुए समिति ने लड़की की शादी हेतु उपरोक्त पैसा देने का निर्णय लिया।

## 29. सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के बहिष्कार को प्रोत्साहन हेतु मुफ्त में हैंड बैग का वितरण

दिनांक : 01 जनवरी, 2020 को, फरीदाबाद, सेक्टर–9 के सब्जी मंडी में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के बहिष्कार को प्रोत्साहन के लिए समिति द्वारा 150 जूट के बने हैड बैग लोगों में मुफ्त में बांटे गये। 150 बैग की व्यवस्था श्री एस.एन. पाण्डेय, संरक्षक आदर्श समाज सहयोग समिति, फरीदाबाद ने अपने स्वर्गीय पिता श्री के.एन. पाण्डेय की पहली वर्षी पर किया।

## 30. कम्बल वितरण

दिनांक : 29 नवम्बर, 2019, को राजीव नगर कॉलोनी, हार्डवेयर चौक, एन.आई.टी. फरीदाबाद स्थित शिव मंदिर प्रांगण में 180 दिव्यांग, विधवा एवं गरीब वृद्धों को कम्बल बाँटे गये। कम्बल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री आर.पी. पाण्डेय, एम.डी., एस.बी. सिसकॉन प्रा.लि., फरीदाबाद थे एवं समारोह की अध्यक्षता श्री सुशील भाटिया, ब्यूरो चीफ, दैनिक जागरण, फरीदाबाद ने की। इस अवसर पर श्री आर.पी. पाण्डेय एवं श्री के.बी. दूबे जी को समिति का संरक्षक भी बनाया गया। डा. ए.के. भटनागर भूतपूर्व निर्देशक, इंडियन ऑयल कारपोरेशन, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, फरीदाबाद ने श्री के.बी. दूबे एवं श्री आर.वी. पाण्डेय को समिति के मोमेन्टों एवं शाल देकर सम्मानित किया।

28 दिसम्बर, 2019 को रात्रि में फरीदाबाद ओल्ड रेलवे स्टेशन पर गरीब यात्रियों को 30 कम्बल बाँटे गये।

दिनांक 06 जनवरी, 2020 को गोविन्द मठ परिक्रमा मार्ग, वृन्दावन (उ.प्र.) में मठ में रहने वाले सेवादारों को 50 कम्बल बाँटे गये।

दिनांक 07 जनवरी से 10 जनवरी, 2020 तक प्रत्येक दिन रात्रि में ओल्ड फरीदाबाद, एन.आई.टी. एवं बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर गरीब यात्रियों को 320 कम्बल बाँटे गये।

## 31. समिति के कार्यकारिणी के सदस्यों का चुनाव

जनवरी 2020 को समिति के संविधान के अनुसार, समिति के कार्यकारिणी के 9 सदस्यों का चुनाव सफलतापूर्वक किया गया। जीते हुए सदस्यों का परिणाम, 27 जनवरी, 2020 को चुनाव रिटर्निंग अधिकारी द्वारा धोषित किया गया। जीते हुए 9 सदस्यों ने 3 नये सदस्यों को कार्यकारिणी के लिए मनोनित किया। इन 12 सदस्यों ने सर्व–सम्मति से कार्यकारिणी के ऑफिस बीअरर का चयन 3 वर्ष के कार्यकाल, 28 जनवरी, 2020 से 27 जनवरी, 2023 तक के लिए किया।

## 32. मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं दवाई वितरण कैम्प का आयोजन

वर्ष 2019–20 के लिए समिति ने हरियाणा सरकार 4,00,000/– (चार लाख) रुपया का ग्रान्ट, मुफ्त स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं दवाई वितरण कैम्प लगवाने के लिए प्राप्त किया, जिसके तहत समिति ने फरीदाबाद के विभिन्न जगहों पर झुग्गी एरिया और लो इनकम ग्रुप कालोनी में 6 स्थानों पर कैम्प लगाकर गरीबों के लिये स्वास्थ्य जाँच एवं दवाई वितरण कार्यक्रम चलाया। इन कैम्पों का विवरण नीचे दिया गया है।

### प्रथम कैम्प

पहला कैम्प, 05 जनवरी, 2020 को, नेहरू कॉलोनी, झुग्गी एरिया, एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद में स्थित छठ पार्क में लगाया गया, जिसमें केदार अस्पताल, एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने करीब 300 लोगों की डायबटीज, ब्लड़ प्रेशर, टी.बी. बुखार, खाँसी–जुकाम, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग एवं बाल रोग एवं हृदय रोग के लिए स्वास्थ्य जाँच किया एवं दवा वितरण मुफ्त में किया।

## दुसरा कैम्प

दूसरा मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं दवा वितरण कैम्प दिनांक 12 जनवरी, 2020 को, अग्रवाल स्कूल एवं राज नर्सिंग होम, के सामने, सेक्टर–3, फरीदाबाद में लगाया गया। जिसमें राज नर्सिंग होम के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने करीब 200 स्त्री, पुरुष, बच्चे, बुजुर्गों का स्वास्थ्य जाँच डायबटीज, ब्लड प्रेशर, टी.बी., बुखार, सर्दी, खाँसी, जुकाम, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग, मानसिक एवं रीढ़ की हड्डी के रोग के लिए जाँच किया एवं लोगों को मुफ़्त में दवा वितरण की। श्री टीपर चन्द शर्मा (बड़े भाई श्री मूलचन्द शर्मा जी, कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार) ने कैम्प उद्घाटन का रीबन काटकर किया गया।

## तीसरा कैम्प

तीसरा मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर दिनांक 19 जनवरी, 2020 को फरीदाबाद के सेक्टर–25 में प्लॉट नं. 41, गल्ली नं. 7, कृष्णा कॉलोनी में लगाया गया, जिसमें केदार हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करीब 250 लोगो (बच्चे, बुढ़े, स्त्री, पुरुष) को डायबटीज, ब्लड प्रेशर, टी. बी., बुखार, खाँसी जुकाम, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग इत्यादि के लिए मुफ्त जाँच की गई तथा दवा वितरण की गई।

## चौथा कैम्प

चौथा मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर दिनांक 09 फरवरी, 2020 को फरीदाबाद के खेड़ी रोड़ स्थित कर्नल विहार फेज–2, के शॉप नं. 122, (जहाँ पर समिति द्वारा आदर्श कौशल विकास केन्द्र चलाया जाता है) में लगाई गई, जिसमें राज नर्सिंग होम के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गरीब 200 लोगों को डायबटीज, ब्लड प्रेशर, टी.बी., बुखार, खाँसी जुकाम, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग, मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग के लिए मुफ्त जाँच किया गया तथा दवा वितरण की गई।

## पाँचवाँ कैम्प

पाँचवां मुफ्त स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर दिनांक 08 मार्च, 2020 को मोची मौहल्ला, नेहरू कालोनी (झुग्गी क्षेत्र) एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद में लगाया गया, जिसमें केदार हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करीब 250 लोगों की जाँच डायबटीज, ब्लड प्रेशर, टी.बी. बुखार, खाँसी, जुकाम, जोड़ों का रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग इत्यादि के लिए की गई एवं दवा वितरण किया गया।

## छठवाँ कैम्प

छठा मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर दिनांक 15 मार्च 2020 को फरीदाबाद में हार्डवेयर चौक के नजदीक स्थित राजीव कालोनी, शिव मंदिर प्रांगण में लगाया गया जिसमें केदार हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने करीब 220 लोगों को, डायबटीज, ब्लड़ प्रेशर, बुखार, सर्दी, खाँसी, टीबी, जोड़ों का दर्द, हृदय रोग, बाल रोग एवं स्त्री रोग की जाँच की गई एवं दवा वितरण की गई। इस कैम्प में समिति द्वारा मुफ़्त मास्क भी बाँटे गये।

## 33. कौशल विकास प्रमाण पत्र वितरण

दिनांक 09 फरवरी, 2020 को आदर्श कौशल विकास केन्द्र शॉप नं. 1 व 2, कर्नल विहार, फेज–2, खेड़ी रोड़, फरीदाबाद में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त 15 प्रशिक्षिणार्थियों को 6 महीने के प्रशिक्षण

सफलतापूर्वक करने पर 15 प्रशिक्षिणार्थियों को डिप्लोमा प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। 12 प्रशिक्षिणार्थियों ने ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी के क्षेत्र में सफलतापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर डिप्लोम प्रमाण पत्र प्राप्त किया तथा तीन बच्चों ने 3 महीने का कोर्स कम्प्यूटर प्रशिक्षण में पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट कोर्स प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री चन्दरूप शर्मा एवं समारोह के अध्यक्ष श्री आर.पी. पाण्डेय जी के द्वारा सम्पन्न हुआ।

## 34. कोरोना महामारी में (लॉक डाउन में) प्रतिदिन मजदूरी करने वाले परिवार को राशन वितरण

दिनांक 30 मार्च, 2020 को सेक्टर–23, फरीदाबाद स्थित मच्छली मार्केट के नजदीक झुग्गी एरिया में एवं सेक्टर–22, फरीदाबाद स्थित जनता कॉलोनी के प्रतिदिन मजदूरी करने वाले 600 मजदूरों के प्रत्येक परिवार को 4 किलो चावल एवं करीब 2 किलो आलू का वितरण समिति की ओर से किया गया। कुल 2400 किलो चावल एवं 1050 आलू का वितरण हुआ। उसी दिन एन.एच.–3, में नेहरू कालोनी में झुग्गी एरिया में 150 परिवार को 05 किलो आटा एवं एक किलो आलू का वितरण प्रत्येक परिवार को किया गया।

# समिति की वर्ष – 2017-18, 2018-19 एवं 2019-20 की उपलब्धियाँ

# समिति की वर्ष – 2017-18 की उपलब्धियाँ



## आदर्श कौशल विकास की स्थापना

दिनांक 9 जुलाई, 2017 को आदर्श कौशल विकास केन्द्र की स्थापना घर नं. 69, गल्ली नं. 9, हनुमान नगर, खेड़ी रोड़, फरीदाबाद, में की गई। इसका उद्घाटन डा० प्रदीप वशिष्ट (ऊपर फोटों में दाए से दूसरे) ने किया। इस केन्द्र में सिलाई, व्यूटी पार्लर एवं मेहंदी आर्ट का प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके लिए पांच सिलाई मशीन, व्यूटी पार्लर एवं मेहंदी के प्रशिक्षण सामग्री समिति द्वारा प्रदान की गई। श्रीमती राकेश देवी को केन्द्र की संचालिका बनाया गया।




## छात्रवृत्ति वितरण समारोह

दिनांक 17 सितम्बर, 2017 को, गरीब एवं मेद्यावी 25 छात्र–छात्राओं को जो फरीदाबाद के विभिन्न दस सरकारी विद्यालयों (वहुतायत) से चुने गये थे, को वर्ष 2017–18 के लिए, होटल मेगपाई, फरीदाबाद में छात्रवृत्ति प्रदान की गई। छात्रवृत्ति वितरण समारोह के मुख्य अतिथि डा० एस.एस.वी. रामाकुमार, निर्देशक, इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, फरीदाबाद के (ऊपर चित्र में) एक गरीब एवं मेद्यावी छात्रा को छात्रवृत्ति प्रदान करते हुऐ दिखाई गये हैं। साथ में अन्य अतिथिगण भी है।




## अभियान पत्रिका का विमोचन

दिनांक 17 सितम्बर, 2017 को होटल मेगपाई, फरीदाबाद में छात्रवृत्ति वितरण समारोह में ही जिसके मुख्य अतिथि डा० एस.एस.वी. रामाकुमार, निर्देशक, इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, फरीदाबाद थे, समिति की ''अभियान'' पत्रिका, अंक–13, का विमोचन मुख्य अतिथि एवं अन्य उपस्थित अतिथियों के कर–कमलों द्वारा किया गया। विमोचन के बाद इसे सभागार में उपस्थित लोगों को वितरित किया गया।




## कम्बल वितरण

दिनांक 24 दिसम्बर, 2017 को समिति द्वारा, दिव्यांगों, विधवाओं एवं गरीब बृद्धों के लिए सैक्टर–24, फरीदाबाद स्थित आजाद नगर, झुग्गी एरिया के 300 लोगों को कम्बल वितरण किया गया। उपरोक्त फोटों में मुख्य अतिथि, प० मूलचन्द शर्मा, विधायक, बल्लभगढ़ एवं डा० एस०पी० श्रीवास्तव पूर्व कार्यकारी निर्देशक, इन्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, अनुसंधान एवं विकास फरीदाबाद, अन्य अतिथियों के साथ गरीब विधवाओं को कम्बल वितरण करते हुए दिखाये गयें हैं।



## दो गरीब लडकियों की शादी हेतु सहयोग राशि

दो गरीब लड़की कुमारी बबली और कुमारी बबीता, पिता श्री जगदीश सैन नई रोड़, पंजाब मौहल्ला, खारा कुआँ, डीग, भरतपुर रोड़, राजस्थान के रहने वाले को शादी हेतु 80,700/– रुपये, दो सिलाई मशीन, दुल्हा–दुल्हन के कपड़े की मदद की गई। उपरोक्त मदद दिनांक 28 जनवरी 2018 को दोनों लड़कियों को दी गई। उपरोक्त फोटो में मुख्य अतिथि श्रीमान पं० चन्दरूप शर्मा, समिति के अध्यक्ष श्री बी.के. पाण्डेय एवं उपाध्यक्ष श्रीमति मीना पाण्डेय दोनों लड़कियों को सहयोग राशि एवं अन्य सामग्री देते हुए दिखाये गये हैं। दो सिलाई मशीन डा० जी.के. शर्मा एवं श्रीमति विनीता शर्मा जी ने हरिप्रिया वैलफेयर ट्रस्ट की ओर से प्रदान की।

# समिति की वर्ष -2018-19 की उपलब्धियाँ





## आदर्श कौशल विकास केन्द्र का उद्घाटन समारोह

आदर्श कौशल विकास केन्द्र की स्थापना 09 जुलाई 2017 को थोड़ी सुविधाओं को देकर की गई थी। बाद में इस केन्द्र में, 'इण्डियन ऑयल कारपोरेशन लि०, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, फरीदाबाद,के द्वारा 5 नये कम्प्यूटर खरीद कर अनुदान के रूप में दिया गया। अब इस केन्द्र में सिलाई, ब्यूटी पार्लर और मेहंदी आर्ट के सिवाय कम्प्यूटर चलाने का प्रशिक्षण भी गरीब औरतों, बच्चियों एवं बच्चों को दी जायेगी। कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा की व्यवस्था की जाने के बाद इस केन्द्र का उद्घाटन, 22 अप्रैल, 2018 को इंडियन ऑयल अनुसंधान एवं विकास केन्द्र के निर्देशक, डा० एस.एस.बी. रामाकुमार ने किया जो उपर फोटो में बांये से चौथे नं० पर बैठे हुए दिखाई गये हैं। नीचे चित्र में इंडियन ऑयल द्वारा दिये गये गये 5 कम्प्यूटर में से तीन दिखाई गयें। दो दूसरे फोटाग्राफ में होने के कारण यहां स्थानाभाव के कारण नहीं दिखाया गया है।

# गरीब रोगी को आर्थिक सहायता



श्रीमती शांति कौर, एक विधवा एवं गरीब औरत जो कि रीढ़ की हड्डी खिसक जाने के कारण, चल–फिर नहीं सकती, विछावन पर ही पड़े रहने को मजबूर हो गई, जिनके इलाज के लिए डाक्टर ने 5 हजार रुपये की सुई प्रत्येक सप्ताह लेने की सलाह दी गई को आर्थिक सहायता के रूप में 8000/– की मदद की गई। श्रीमती शांति कौर का लड़का जो सैक्टर–9, फरीदाबाद के गुरुद्वारा में सेवादार के रूप में कार्य कर रहा था, अपनी माँ के इलाज के लिए समिति को आवेदन पत्र देकर मदद माँगी थी। साथ के फोटो में श्रीमती शांति कौर दिखाई गई हैं।

# आदर्श कौशल विकास केन्द्र में सिंगर इंडिया प्रा.लि. की भागीदारी



आदर्श कौशल विकास केन्द्र जो बहुत सिमिति साधन के साथ घर नं० 69, गल्ली नं० 9, हनुमाननगर, खेड़ी रोड़, फरीदाबाद में 09 जुलाई, 2017 को सिलाई, ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी आर्ट में प्रशिक्षण के लिए स्थापित किया गया था और बाद में फिर इंडियन ऑयल कारपोरेशन द्वारा 5 कम्प्यूटर की सुविधा प्रदान की गई थी। उसे और सशक्त बनाने के लिए सिंगर इण्डिया प्रा० लि० द्वारा अपनी भागीदारी देने के लिए आगे आने पर उन से समिति ने 26 सिलाई मशीन जिसमें, हाथ से चलाने वाली, पैर से चलाने वाली, पावर आपरेटेड़ डिजाइन सम्बन्धित एवं इण्डस्ट्रियल प्रोडक्शन सम्बन्धित सिलाई मशीन कनसेसनल रेट पर खरीदी। इन मशिनों को खरीदने के बाद आदर्श कौशल विकास केन्द्र को हनुमान नगर से कर्नल विहार, फेज–2 के शॉप नं० 1 और 2 को शिफ्ट किया गया। यह स्थान मेन रोड़ पर है और जगह पहले वाली जगह से अधिक है और सुन्दर है। यहाँ केन्द्र को शिफ्ट करने के बाद इसका उद्घाटन दिनांक 09 सितम्बर, 2018 को हरियाणा प्रदेश के स्टेट विजिलेंस विभाग के पूर्व डी.जी.पी. श्री शील मधुर, आई.पी.एस. के कर कमलों से किया गया। ऊपर के चित्र में पूर्व डी.जी.पी. श्री शील मधुर, आई.पी.एस. जी को रीबन काट कर केन्द्र का उद्घाटन करते हुए दिखाया गया है। नीचे के फोटो में सिंगर इंडिया प्रा० लि० द्वारा दिये गये सिलाई मशीने दिखाई गई हैं। प्रशिक्षणार्थियों को सिंगर इंडिया स्वयं प्रशिक्षण में मदद करना, परीक्षा लेना एवं उतीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्रदान करने की जिम्मेदारी निभाती है।





# छात्रवृत्ति वितरण एवं आदर्श अध्यापक को पारितोषिक

दिनांक 23 सितम्बर, 2018 को होटल मेगपाइ, सैक्टर–16ए, मथुरा रोड़, फरीदाबाद में समिति द्वारा आयोजित कार्यक्रम में फरीदाबाद के 11 पिद्यालयों (ज्यादातर सरकारी विद्यालय) के 23 मेद्यावी एवं गरीब छात्र–छात्राओं को वर्ष 2018–19 के लिए छात्रवृत्ति प्रदान की गई। इसी समारोह में इस वर्ष फरीदाबाद के कई विद्यालयों के शिक्षकों में से तीन सर्वश्रेष्ट शिक्षकों को साक्षात्कार द्वारा चुने जाने पर पारितोषिक प्रदान किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि टेक्नोफैब इन्डस्ट्री के चेयरमैन (चित्र में खड़े पंक्ति में दाई से दूसरे नं० पर) श्री श्याम सुन्दर शर्मा थे एवं समारोह की अध्यक्षता श्री प्रदीप राणा, समाज सेवी (चित्र में खड़े पंक्ति में दाई से तीसरे नं० पर) ने की। ऊपर चित्र में छात्रवृत्ति प्राप्त करने वाले छात्र, छात्राओं को एवं हाथ में समिति द्वारा दिये गये मोमेन्टो लिए तीन आदर्श अध्यापको को अन्य अतिथियों के साथ दिखाये गये हैं।

# कम्बल वितरण



दिनांक 6–12–2018 को समिति द्वारा 200 कम्बल नेहरू कालोनी, एन. एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद में स्थित झुग्गी एरिया के दो सौ विकलांगों विधवाओं एवं गरीब वृद्वों को बांटे गये। इस समारोह के मुख्य अतिथि फरीदाबाद म्यूनिसिपल कारपोरेशन की मेयर श्रीमति सुमन बाला थी एवं अध्यक्षता श्री एस०सी० गुप्ता चेयरमैन एच.जी.आई. आटोमोबाइल प्रा०लि०, बल्लभगढ़ ने की। इस अवसर पर 'इंडियन ऑयल कारपोरेशन के पुर्व निर्देशक डा० ए०के० भटनागर, पुर्व कार्यकारी निर्देशक – डा० एस०पी० श्रीवास्तव, उस क्षेत्र के पार्षद इत्यादि अन्य अतिथि भी उपस्थित थे। उपर के चित्र में एक गरीब विधवा को मेयर श्रीमती सुमन बाला जी अन्य अतिथियों के साथ कम्बल वितरण करती हुई दिखाई गई हैं।







## दूसरा कम्बल वितरण समारोह

दिनांक 01.01.2019 को समिति द्वारा करीब 300 कम्बल एवं रजाईयाँ ग्राम ददशिया एवं आस–पास के अन्य गाँवों से आये हुए विकलांगों, गरीब विधवाओं एवं गरीब वृद्धों को बाँटी गई। उपरोक्त समारोह ग्राम ददशिया में श्री श्याम सुन्दर शर्मा, चेयरमैन टैक्नो फैब इन्डस्ट्री, फरीदाबाद की देख–रेख में आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि श्री जगदीश सुपानिया, राष्ट्रीय महासचिव, वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन, प्रदेश उपाध्यक्ष, सर्व ब्राह्मण सभा थे एवं अध्यक्ष तेज प्रकाश भारद्वाज, अध्यक्ष अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा थे। उपरोक्त चित्र में मुख्य अतिथि श्री सुपानिया जी बॉयें से तीसरे नम्बर पर बैठे हुए दिखाये गये हैं एवं पं० तेज प्रकाश भारद्वाज जी बॉयें से दूसरे नंबर पर नीचे के चित्र में अतिथि गण एक विकलांग बालिका को कम्बल वितरण करते हुए दिखाये गये हैं।

# समिति की वर्ष -2019-20 की उपलब्धियाँ






## आदर्श कौशल विकास केन्द्र में प्रमाण पत्र वितरण

दिनांक : 3 अप्रैल 2019 को कर्नल विहार, फेज–2, शॉप नंबर 182, खेड़ी रोड़, फरीदाबाद स्थित आदर्श कौशल विकास केन्द्र में सिलाई में एवं ब्यूटी पार्लर तथा मेहंदी आर्ट में छः महीनो के डिप्लोमा कोर्स में उत्तीर्ण महिलाओं एवं बच्चियों को प्रमाण पत्र (23 सिलाई के प्रशिक्षणार्थियों को एवं 15 ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी आर्ट के प्रशिक्षणार्थियों को) वितरण किये गये। उपरोक्त चित्र में समारोह के मुख्य अतिथि श्री जी०एस० मिश्रा, प्रमुख सम्पर्क विभाग, आर०एस०एस० हरियाणा राज्य (दाँये से पाँचवें) समारोह के अध्यक्ष श्री भीम शर्मा, डायरेक्टर, राज नर्सिंग होम, सैक्टर–23, फरीदाबाद (दाँये से चौथे) श्रीमती अल्पना शरना, जेनेरल मैनेजर सिंगर इंडिया प्रा०लि०, दिल्ली (दाँये से नवें) अन्य अतिथियों के साथ प्रमाण–पत्र वितरण करते हुए दिखाये गये हैं। नीचे के चित्र में सभी प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को दिखाया गया है।







# गरीब असहाय लड़की की शादी के लिए आर्थिक मदद

कुमारी कविता पुत्री श्रीमति माया देवी, विधवा, दौलताबाद, ओल्ड फरीदाबाद को उसकी शादी के लिए 21000/– रुपये एवं 2800/– रुपये की सिलाई मशीन, दिनांक 04 मई, 2019 को दी गई। सिलाई मशीन डॉ. जी.के. शर्मा चेयरमैन, हरिप्रिया वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से प्रदान की गई। लड़की के पिता गुजर गये थे एवं माता घरों में झाड़ू पोछा कर गुजारा कर रही थी। शादी के पैसो की अत्यन्त अभाव था। अतः समिति ने उसे आर्थिक मदद देने का निर्णय किया। उपर चित्र में डॉ० जी.के. शर्मा, कुमारी कविता को 21000/– रुपये एवं कपड़े देते हुए दिखाये गये है। नीचे के चित्र में डॉ० जी.के. शर्मा, डॉ० एस.पी. दूबे, फाउण्डर एवं कोर्डिनेटर आदर्श समाज सहयोग समिति, के साथ सिलाई मशीन देते हुए दिखाये गये हैं।







# छात्रवृत्ति वितरण

दिनांक : 29 सितम्बर, 2019, को सेक्टर–16ए, फरीदाबाद स्थित होटल मेगपाई में वर्ष 2018–19 के लिए, फरीदाबाद के विभिन्न आठ विद्यालयों (अधिकतर सरकारी विद्यालय) के 25 गरीब एवं मेधावी छात्र–छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की गई। ऊपर के चित्र में मुख्य अतिथि डा. जी.के. शर्मा, पूर्व डायरेक्टर, नैट्रीय, भारत सरकार (बायें से तीसरे) एवं समारोह के अध्यक्ष डा. ए.के. गुप्ता, पूर्व कार्यकारी निर्देशक, इंडियन ऑयल कारपोरेशन लि., फरीदाबाद एवं अतिथियों के साथ एक छात्र को छात्रवृत्ति वितरण करते हुए दिखाये गये हैं। नीचे के चित्र में छात्र प्रशिक्षण वाले सभी छात्र, छात्रायें अतिथियों के साथ दिखलाये गये हैं।







# सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के बहिष्कार को प्रोत्साहन हेतु मुफ्त में हैंड बैग का वितरण

दिनांक : 01 जनवरी, 2020 को, फरीदाबाद, सेक्टर–9 के सब्जी मंडी में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के बहिष्कार को प्रोत्साहन के लिए समिति द्वारा 150 जूट के बने हैड बैग लोगों में मुफ्त में बांटे गये। 150 बैग की व्यवस्था श्री एस.एन. पाण्डेय, संरक्षक आदर्श समाज सहयोग समिति, फरीदाबाद ने अपने स्वर्गीय पिता श्री के.एन. पाण्डेय की पहली वर्षी पर किया।





# कम्बल वितरण

दिनांक : 29 दिसम्बर, 2019, को राजीव नगर कॉलोनी, हार्डवेयर चौक, एन.आई.टी. फरीदाबाद स्थित शिव मंदिर प्रांगण में 180 दिव्यांग, विधवा एवं गरीब वृद्धों को कम्बल बाँटे गये। कम्बल वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री आर. पी. पाण्डेय, एम.डी., एस.बी. सिसकॉन प्रा.लि., फरीदाबाद थे एवं समारोह की अध्यक्षता श्री सुशील भाटिया, ब्यूरो चीफ, दैनिक जागरण, फरीदाबाद ने की। इस अवसर पर श्री आर.पी. पाण्डेय एवं श्री के.बी. दूबे जी को समिति का संरक्षक भी बनाया गया। उपरोक्त चित्र में डा. ए.के. भटनागर भूतपूर्व निर्देशक, इंडियन ऑयल कारपोरेशन, अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, फरीदाबाद (चित्र में बाये से चौथे) श्री के.बी. दूबे एवं श्री आर.वी. पाण्डेय को समिति के मोमेन्टों एवं शाल देकर सम्मानित करते हुए दिखाये गये हैं)।

नीचे के चित्र में समारोह के मुख्य अतिथि श्री आर.पी. पाण्डेय जी (बाये से चौथे) एवं श्री सुशील भाटिया, अध्यक्ष (बायें से पाँचवे) एक विकलांग को कम्बल देते हुए दिखाये गये हैं। दिनांक 28 दिसम्बर, 2019 को रात्रि में फरीदाबाद ओल्ड रेलवे स्टेशन पर गरीब यात्रियों को 30 कम्बल बाँटे गये।

दिनांक 06 जनवरी, 2020 को गोविन्द मठ परिक्रमा मार्ग, वृन्दावन (उ.प्र.) में मठ में रहने वाले सेवादारों को 50 कम्बल बाँटे गये।

दिनांक 07 जनवरी से 10 जनवरी, 2020 तक को प्रत्येक दिन रात्रि में ओल्ड फरीदाबाद, एन.आई.टी. एवं बल्लभगढ़ रेलवे स्टेशन पर गरीब यात्रियों को 320 कम्बल बाँटे गये।






# प्रथम कैम्प

पहला कैम्प, 05 जनवरी, 2020 को, नेहरू कॉलोनी, झुग्गी एरिया, एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद में स्थित छठ पार्क में लगाया गया, जिसमें केदार अस्पताल, एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद के विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने करीब 300 लोगों की डायबटीज, ब्लड़ प्रेशर, टी.बी. बुखार, खाँसी–जुकाम, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग एवं बाल रोग एवं हृदय रोग के लिए स्वास्थ्य जाँच किया एवं दवा वितरण मुफ्त में किया।

उपर के चित्र में चिकित्सक रोगियों को स्वास्थ्य जाँच करते हुए एवं नीचे के चित्र में लोग स्वास्थ्य जाँच के लिए रजिस्ट्रेशन कराते हुए दिखाये गये हैं।





# दूसरा कैम्प

दूसरा मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच शिविर एवं दवा वितरण कैम्प का दिनांक 12 जनवरी, 2020 को, अग्रवाल स्कूल एवं राज नर्सिंग होम, के सामने, सेक्टर–3, फरीदाबाद में लगाया गया। जिसमें राज नर्सिंग होम के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने करीब 200 स्त्री, पुरुष, बच्चे, बुजुर्गों का स्वास्थ्य जाँच डायबटीज, ब्लड प्रेशर, टी.बी., बुखार, सर्दी, खाँसी, जुकाम, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग, मानसिक एवं रीढ़ की हड्डी के रोग के लिए जाँच किया एवं लोगों को मुफ़्त में दवा वितरण की। उपर के चित्र में श्री टीपर चन्द शर्मा (बड़े भाई श्री मूलचन्द शर्मा जी, कैबिनेट मंत्री, हरियाणा सरकार) कैम्प उद्घाटन रीबन काटकर करते हुए दिखाये गये हैं। जबकि नीचे के चित्र में रोग चिकित्सकों से अपना जाँच करवाते हुए दिखाये गये हैं।





## तीसरा कैम्प

तीसरा मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर दिनांक 19 जनवरी, 2020 को फरीदाबाद के सेक्टर–25 में प्लॉट नं. 41, गल्ली नं. 7, कृष्णा कॉलोनी में लगाया गया, जिसमें केदार हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करीब 250 लोगो (बच्चे, बुढ़े, स्त्री, पुरुष) को डायबटीज, ब्लड प्रेशर, टी.बी., बुखार, खाँसी जुकाम, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग इत्यादि के लिए मुफ्त जाँच की गई तथा दवा वितरण की गई। उपर के चित्र में रोगियों को जाँच करते हुए चिकित्सक दिखाये गये हैं, जबकि नीचे के चित्र जाँच करवाने के लिए आये रोगियों के समूह अपनी बारी की प्रतीक्षा करते हुए दिखाये गये हैं।




## कौशल विकास प्रमाण पत्र वितरण

दिनांक 09 फरवरी, 2020 को आदर्श कौशल विकास केन्द्र शॉप नं. 1 व 2, कर्नल विहार, फेज–2, खेड़ी रोड़, फरीदाबाद में सिलाई प्रशिक्षण प्राप्त 15 प्रशिक्षिणार्थियों को 6 महीने के प्रशिक्षण सफलतापूर्वक करने पर 15 प्रशिक्षिणार्थियों को डिप्लोमा प्रमाण–पत्र प्रदान किया गया। 12 प्रशिक्षिणार्थियों ने ब्यूटी पार्लर एवं मेहंदी के क्षेत्र में सफलतापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर डिप्लोमा प्रमाण पत्र प्राप्त किया तथा तीन बच्चों ने 3 महीने का कोर्स कम्प्यूटर प्रशिक्षण में पूर्ण करने पर सर्टिफिकेट कोर्स प्रमाण पत्र प्राप्त किया। प्रमाण पत्र वितरण समारोह के मुख्य अतिथि श्री चन्दरूप शर्मा एवं समारोह के अध्यक्ष श्री आर.पी. पाण्डेय जी के एक प्रशिक्षिणार्थियों को प्रमाण–पत्र देते हुए (बायें से पहले एवं दूसरे नं. पर) दिखाये गये हैं।








## चौथा कैम्प

चौथा मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर दिनांक 09 फरवरी, 2020 को फरीदाबाद के खेड़ी रोड़ स्थित कर्नल विहार फेज–2, के शॉप नं. 122, (जहाँ पर समिति द्वारा आदर्श कौशल विकास केन्द्र चलाया जाता है) में लगाई गई, जिसमें राज नर्सिंग होम के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा गरीब 200 लोगों को डायबटीज, ब्लड प्रेशर, टी.बी., बुखार, खाँसी जुकाम, जोड़ों का दर्द, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग, मस्तिष्क एवं रीढ़ की हड्डी रोग के लिए मुफ्त जाँच किया गया तथा दवा वितरण की गई। उपर के चित्र में चिकित्सक द्वारा रोगी की जाँच होता हुआ एवं नीचे के चित्र में रोगी के समूह जाँच के लिए प्रतीक्षा करते हुए दिखाये गये हैं।






# पाँचवाँ कैम्प

पाँचवां मुफ्त स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर दिनांक 08 मार्च, 2020 को मोची मौहल्ला, नेहरू कालोनी (झुग्गी क्षेत्र) एन.एच.–3, एन.आई.टी. फरीदाबाद में लगाया गया, जिसमें केदार हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा करीब 250 लोगों की जाँच डायबटीज, ब्लड प्रेशर, टी.बी. बुखार, खाँसी, जुकाम, जोड़ों का रोग, स्त्री रोग, बाल रोग, हृदय रोग इत्यादि के लिये की गई एवं दवा वितरण किया गया। उपरोक्त चित्र में चिकित्सकों को रोगी की जाँच करते हुए दिखाया गया है एवं नीचे के चित्र में लोग अपना रजिस्ट्रेशन कराते हुए दिखाये गये हैं।




# छठवाँ कैम्प

छठा मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच एवं दवा वितरण शिविर दिनांक 15 मार्च 2020 को फरीदाबाद में हार्डवेयर चौक के नजदीक स्थित राजीव कालोनी, शिव मंदिर प्रांगण में लगाया गया जिसमें केदार हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों ने करीब 220 लोगों को, डायबटीज, ब्लड़ प्रेशर, बुखार, सर्दी, खाँसी, टीबी, जोड़ों का दर्द, हृदय रोग, बाल रोग एवं स्त्री रोग की जाँच की गई एवं दवा वितरण की गई। उपरोक्त चित्र में चिकित्स रोग की जाँच करते हुए तथा नीचे के चित्र में रोगी अपनी पारी के इंतजार करते हुए दिखाये गये है। इस कैम्प में समिति द्वारा मुफ़्त मास्क भी बाँटे गये।






## कोरोना महामारी में (लॉक डाउन में) प्रतिदिन मजदूरी करने वाले परिवार को राशन वितरण

दिनांक 30 मार्च, 2020 को सेक्टर–23, फरीदाबाद स्थित मच्छली मार्केट के नजदीक झुग्गी एरिया में एवं सेक्टर–22, फरीदाबाद स्थित जनता कॉलोनी के प्रतिदिन मजदूरी करने वाले 600 मजदूरों के प्रत्येक परिवार को 4 किलो चावल एवं करीब 2 किलो आलू का वितरण समिति की ओर से किया गया। कुल 2400 किलो चावल एवं 1050 आलू का वितरण हुआ। नीचे के प्रथम चित्र में ट्रक में रखे चावल एवं आलू की गठरी लोगों में बांटते हुए कार्यकर्ता दिखाये गये हैं तथा दूसरे चित्र में कुल लोगों को घर में जाकर भी राशन दिया गया, ऐसे एक घर में राशन देते हुए कार्यकर्त्ता को दिखाया गया है।

उसी दिन एन.एच.–3, एन.आई.टी. स्थित नेहरू कालोनी झुग्गी एरिया में 150 परिवार को 05 किलो आटा एवं एक किलो आलू प्रत्येक परिवार को बाँटा गया। कुल 750 किलो आटा एवं 150 किलो आलू बाँटा गया।

# एन॰एन॰बी॰ दादा



अम्बरीश मिश्रा

पुरानी यादों का सिलसिला सा शुरू हो गया है, उसी में खो जाने का मन करता है। वह समय कितना भी अभावों का क्यों न रहा हो, अच्छा ही लगता है। हमारी डिफेंस लैब कानपुर के दिन अपने आप में अलग ही तरह के थे, हमारी नौकरी का आधार था, वहीं से वह सब कुछ सीखा, जो हमारे आगे के भविष्य का आधार बना।

अपनी डिफेंस लैब के तेरह नम्बर कमरे के अपने स्नेही लोगों में से पिछले कुछ दिनों से एन.एन. भट्टाचार्य दादा, जिन्हें एन.एन.बी. दादा कहते, की यादें उभर कर हमारे एक अशोभनीय व्यवहार के प्रति दु:ख से हमारी आँखों को नम करती रही हैं। तभी अपने मन की उन बातों को उजागर करने में अक्षर धुन्धले लगने लगे हैं। चेहरे पर मोटा चश्मा लगाये, सांवले रंग के दादा से खेलों और सिनेमा का विस्तृत ज्ञान, लैव में उनसे अधिक किसी को हो ही नहीं सकता था, वे एक दम इस क्षेत्र में माहिर थे। कब कौन सी फिल्म आई, कौन उसका गीतकार या डाइरेक्टर था, बिना समय लिये दादा बता देते। उनका ज्ञान सिर्फ हिन्दी सिनेमा तक ही सीमित नहीं था, वे बंगला, मराठी, इंग्लिश आदि की फिल्मों के बारे में भी जानकारी रखते थे, भले ही हिन्दी और बंगला फिल्में ही ज्यादातर देखते थे। खेलों सहित सभी जनरल ज्ञान का उनके पास भण्डार था, इसलिये हर बहस का अन्त उन्हीं के हस्तक्षेप के द्वारा ही हो पाता। अगर कोई इस विषय में उनसे तर्क कर सकते थे, तो वे थे आर.डी.नाबर जी, जो बम्बई की डिफेंस लैब से ट्रान्सफर होकर आये थे। बहस के समय कभी–कभी नाबर जी इतना उत्तेजित हो जाते कि उनका मुँह तक लाल हो जाता, पर दादा हमेशा शांत ही रहते। उन दोनों की बहस में बाकी सभी लोग, मात्र मूक दर्शक ही बने रहते। दादा के साथ हमारी विशेष रूचि उनके केमीकल ऐनालिसिस, क्रिकेट तथा फिल्मों की वजह से थी।

दादा के साथ हमारा सम्बन्ध लैब की गतिविधियों तक ही सीमित था, पर हम जानते थे कि वे ऑफिस की छुट्टी हो जाने के बाद दो–तीन जगह ट्यूशन पढ़ाने जाया करते थे, यह उनका शौक था या अधिक दबाव था। उनके सादा रहन–सहन से हमें यही लगता कि उनकी आर्थिक स्थिति ज्यादा अच्छी नहीं थी। उन्होंने कभी भी अपना दुखड़ा किसी को सुनाया भी नहीं। वे बड़े आदर्शवादी विचार के थे, जो उनको अपने पूर्वजों से मिले थे। उनकी माँ ने अपने देहांत के बाद अपनी आँखों को दान किया था, जिसकी

अखबार में छपी सूचना की कटिंग दादा ने हम लोगों को दिखाई थी। सन् 1960 के दशक से पहले की यह घटना के ऐसे पात्र विशेष श्रेणी में ही आते थे। दादा की दो बेटियाँ थी, जिनसे हमें ऑफिस के लोगों के साथ एक पिकनिक में मिलने का मौका मिला था। हम सभी लोग एक बस में परिवार सहित गाते–बजाते हुये जा रहे थे। अपनी ब्रांच की इस तरह की गतिविधियों का कार्यक्रम अपने साथी अशोक तथा अन्य लोगों के साथ बनाया करते थे। हम और अशोक उस दिन सीट कम और अधिक लोगों के होने के कारण बस में खड़े होकर जा रहे थे, जिससे सभी के परिवारों से मिलने का मौका मिल रहा था। हमें याद है दादा की छोटी लड़की से गाना गाने के लिए कहा, तो उसने उन दिनों रेड़ियों पर एक ब्रेड के विज्ञापन को ही बिना झिझक सुनाया था,– ''मम्मी–मम्मी मार्डन ब्रेड, मम्मी–मम्मी मार्डन ब्रेड।'' उसके लिये यह किसी फिल्म के गाने की तरह था।

हम उन दिनों बाच आयल की सिंथेसिस के प्रोजेक्ट के काम में भी बहुत व्यस्त रहते थे, लम्बे रात–दिनों चलने वाले टैस्टों के लिये शिफ्टों में काम करना पड़ता था। हम अपने सीनियर साथी कालरा जी के साथ इस प्रोजेक्ट के सदस्य थे, पर शिफ्ट चलाने के लिये अपने दो साथियों अशोक तथा सोमनाथ की मदद लिया करते थे। शिफ्ट में काम करना भी आज एक यादगार बनी हुई है। पहली शिफ्ट में सुबह 6 बजे से लेकर सांय 6 बजे तक अशोक तथा कालरा जी रहते थे, जब कि हम सोमनाथ के साथ सांय 6 बजे से दूसरे दिन सुबह 6 बजे तक रहते। इस तरह से टैस्ट की 24 घंटे निगरानी करने के साथ–साथ और भी प्रोजेक्टों के काम को पूरा करते थे। रात में एकान्त होने के कारण, काम बड़ी एकाग्रता से करते, उसके परिणाम भी अच्छे मिलते थे। सोमनाथ बीच–बीच में हल्की–फुल्की बातें करके, वातावरण को और भी खुशनुमा बना देते थे, वे थे ही ऐसे।

सोमनाथ काम में सहायता करने के साथ–साथ, हम लोगों के खाने–पीने का भी ख्याल रखते थे। लगता मातृत्व की उनमें झलक दिखाई देती थी। करीब रात के 11 बजे वे लैब के फर्स पर बोरों की चटाई का विस्तर बिछा देते, जिससे हम लोग कुछ समय के लिए अपनी कमर सीधी कर सकें। लैब के प्रयोगों के स्थिर होने पर, मध्य रात के बाद हम दोनों बिस्तर पर लेट जाते और बातें करते रहते। सोमनाथ अपने चिरपरिचित अन्दाज में मिठियाते हुये कहते :–

''अम्बरीश कभी सोचा भी नहीं था कि हम लोग अपने जीवन काल में इस तरह पास–पास लेट कर जीवन की मूल बातें करेंगे। भला हो इस वाच ऑयल के प्रोजेक्ट का, जिसने आज हमें ये दिन दिखाये।''

''सच है सब कुछ हम लोगों के काम की कृपा है, प्रोजेक्ट भी कभी न कभी किसी स्तर पर पहुँच ही जायेगा और समय भी उड़कर हवा हो जायेगा एक दिन, पर इस समय की बातें हम लोगों को हमेशा याद रहेंगी।''– हम स्नेह से वशीभूत होकर जवाब देते।

लगता लैब ही हमारी घर–गृहस्थी है और हम दोनों उनके सदस्य हैं। कभी सोचा भी नहीं था कि इस तरह से हम लोग अपने ऑफिस काल में सोमनाथ के साथ वे यादकार क्षण बितायेंगे। बीच–बीच में उठकर चल रहे प्रयोगों के टेम्परेचर, गैस का फ्लो आदि देखते रहते।

सुबह उठकर सोमनाथ और हम लैब के चक्कर लगाते, उस समय कोई भी नहीं होता। हवा से लहराते पेड़ों, रंग–विरन्गे फूलों की सुगन्ध तथा चिड़ियों के चहकते स्वरों से भरा सुबह का वातावरण बहुत ही सुहावना लगता, मन करता लॉन की मखमली घास पर बैठकर घन्टों बातें करते रहें। लौटते समय लैब के लिये आये दूध के डिब्बे से बीकर में चाय बनाने के लिये दूध ले आते। सोमनाथ ही उस गाढ़े दूध की चाय बनाते, तभी दिन की शिफ्ट के अशोक और कालरा जी भी आ जाते। सब कुछ सोमनाथ इस तरह से सैट करते कि सुबह की चाय हम चारों लोग एक साथ पी सकें। हम लोग सोमनाथ द्वारा लाये केक, बिस्कुट के साथ चाय का आनन्द लेते हुये, रात के काम की समीक्षा तथा आगे के काम की योजना बनाते। हम लोगों की विनोद पूर्ण बातों से लैब के शान्त वातावरण में उस समय खलल सी पड़ जाती।

